समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ईरान-इजरायल जंग के बीच एयर इंडिया का बड़ा फैसला, मिडिल ईस्ट की सभी उड़ाने रद्द।

Publisher

Published on 24 Jun 2025




## कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद लिया गया फैसला, एयर इंडिया ने कहा- “यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि”

**ईरान-इजरायल वॉर: मिडिल ईस्ट मे ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते युद्ध** और कतर में **अमेरिकी वायुसेना के बेस पर मिसाइल हमले के बाद एयर इंडिया ने बड़ा फैसला** लेते हुए **मिडिल ईस्ट की सभी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया** है। एयर इंडिया ने यह कदम **यात्रियों की सुरक्षा** को प्राथमिकता देते हुए उठाया है और कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**फ्लाइट ऑपरेशंस पर असर :**
एयर इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि—”मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका के उत्तरी तट से लेकर यूरोप और मिडिल ईस्ट की ओर जाने वाली सभी उड़ानें अगले आदेश तक रद्द की जाती हैं।”
१. **नॉर्थ अमेरिका से भारत आने वाली फ्लाइट्स को वापस भेजा गया**
२. **मिडिल ईस्ट जाने वाली उड़ानों का रूट डाइवर्ट या कैंसिल किया गया**
३. **सभी पैसेंजर्स को जानकारी देने का आश्वासन दिया गया है**

**एयर इंडिया का आधिकारिक बयान :**
एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा: “हम सभी यात्रियों से अनुरोध करते हैं कि वे इस अनियंत्रित और असाधारण स्थिति को समझें।

हम सुरक्षा सलाहकारों से लगातार संपर्क में हैं और सभी अपडेट्स साझा करते रहेंगे।"

### तनाव की जड़: कतर मे अमेरिकी बेस पर ईरानी हमला

सोमवार को कतर की राजधानी दोहा के पास स्थित अ**मेरिकी एयरबेस पर ईरान ने छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला** किया। ईरान की सेना ने कहा कि यह हमला अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर किए गए हमले की जवाबी कार्रवाई थी।

१. अमेरिका ने ईरान के **तीन अंडरग्राउंड न्यूक्लियर साइट्स पर "बंकर बस्टर**" बम गिराए।

२. इसके दो दिन बाद ईरान ने अमेरिकी बेस पर मिसाइलें दागीं।

३. कतर में **तेज धमाकों की आवाजे सुंनी गईं,** जिससे अ**फरा-तफरी का माहौल** बन गया।

### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि

एयर इंडिया ने सभी प्रभावित यात्रियों से धैर्य रखने और वेबसाइट या कस्टमर केयर के माध्यम से अपडेट प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही, यात्रियों को जल्द से जल्द **रिफंड या रीबुकिंग** की सुविधा देने का आश्वासन भी दिया है।

### अब आगे क्या ?

१. **एयरस्पेस की स्थिति सामान्य** होने तक उड़ानें रद्द रहेंगी

२. **रक्षा मंत्रालय और DGCA** से लगातार सलाह ली जा रही है

३. यात्रियों की **सुरक्षा और सूचना पारदर्शिता** बनी रहेगी

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.